# नाले में तब्दील हुई जवा मुख्यालय की सड़कें, गड्ढे, कीचड़ एवं गंदे पानी से निकलने को मजबूर स्कूली बच्चों सहित बाजारवासी

## बाइक सवार,स्कूली बच्चे एवं बुजुर्ग हो रहे दुर्घटना का शिकारः शासन प्रशासन के द्वारा नही दिया जा रहा ध्यान



**जवा स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के जवा तहसील अंतर्गत जवा मुख्यालय प्रशासनिक अधिकारियों के निष्क्रियता एवं सांसद विधायक के अनदेखी के चलते उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कहने को तो जवा तहसील मुख्यालय है सभी विभागों के कार्यालय है लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ भी नही है।

यहाँ पर अनुभाग कार्यालय, जनपद कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कार्यालय है जिस कारण 30 से 40 किलोमीटर दूर से लोगो का प्रतिदिन आना जाना होता है लेकिन मुख्यालय में बनी सड़क लोगो के लिए परेशानी का कारण है।

पूरे सड़क में 12 माह गंदा पानी भरा रहता है सड़क में कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है जब भी स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं व बाइक सवार इस कीचड़ भरे रास्ते से निकलते है दुर्घटना का शिकार हो जाते है या पैदल चल रहे लोगो के ऊपर कीचड़ पड़ जाते है।

**पूर्व राज्यसभा सांसद सहित कांग्रेसियों ने किया था रोपण**

कई वर्षों से कई बार समाजसेवियो और कांग्रेस नेताओं ने जनपद सीईओ, तहसीलदार, एसडीएम और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को साफ सफाई एवं अधूरी नाली को बनवाने का करने आवेदन दिया गया कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है यहाँ तक कि पिछले वर्ष राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल के नेतृत्व में इसी सड़क पर कांग्रेसियों द्वारा धान का रोपा लगाया गया था कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा। तब एसडीएम तहसीलदार ने साफ सफाई कराने का आश्वासन दिया था एक दो दिन बरौली ठकुरान सरपंच द्वारा मशीन से साफ सफाई करायी गयी थी काफी हद तक लोगो को गंदगी से राहत मिली थी इसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया और हालात आज भी जस के तस बनी हुई है।

**अधिकारी मस्त आमजनता बेहाल**

थोड़ी सी बारिश में पूरे जवा बाजार के मुख्य मार्ग के अलावा, श्रीयुत काम्प्लेक्स के पास, तहसील कार्यालय,जनपद कार्यालय और लोक सेवा केंद्र,पशु चिकित्सालय, कृषि विभाग, जनपद शिक्षा केन्द्र और यूनियन बैंक के सामने घुटने भर पानी भरा रहता है लेकिन न ही सम्बंधित विभाग के द्वारा ध्यान दिया जाता है न ही जनपद पंचायत जवा के द्वारा ध्यान दिया जा रहा है जिस कारण पूरे बाजार में गन्दगी का आलम है। नालियां जाम है एमपीआरडीसी द्वारा बनाई गई नाली अधूरी बनी हुई है पानी का कोई निकास नही है अधिकारी मस्त है आम जनता बेहाल है।

बताया जाता है एमपीआरडीसी के द्वारा जवा बाजार सड़क के दोनो तरफ करोड़ो की लागत से नाली का निर्माण कार्य कराया था लेकिन जो कार्य कराया गया गुणवत्ता विहीन व अधूरी बनाई गई थी जिस कारण नाली के पानी निकास की व्यवस्था नही हुई। लोगो के घरों का पानी नाली में जाने से निकास न होने की स्थिति में उक्त गंदा पानी सड़को में फैला रहता है और लोग प्रतिदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है।

**सांसद विधायक के द्वारा नही दिया जाता ध्यान**

इसी कीचड़ भरे रास्ते से आये दिन स्थानीय विधायक, सांसद और अन्य प्रशासनिक अधिकारी निकलते रहते है लेकिन किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जाता है। जिन समस्याओ को लेकर समाजसेवियों सहित कांग्रेस नेता तरुणेंद्र द्विवेदी ने पुनः उग्र आंदोलन किये जाने की चेतावनी दी है।





# रीवा अस्पताल के अंदर वार्ड बॉय के साथ मारपीट करने का वीडियो आया सामने

### 8 लोगों ने एक लड़के को बेल्ट, चांटे, घूंसे मारे

**रीवा स्वतंत्रमत ।**

रीवा में आठ लोगों ने एक युवक को जमकर पीटा। सभी ने मिलकर एक साथ बेल्ट, चांटे और घूंसे मारे। इसका वीडियो सामने आया है। मामला शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात का है। संभागीय संजय गांधी अस्पताल में मरीज के अटेंडर के साथ आउटसोर्स के वार्ड बॉय और उसके साथियों ने अस्पताल पिटाई की है। 8 लोगों ने मिलकर एक शख्स को जमकर बेल्ट से पीटा। जमीन पर पटककर मारा। बताया गया कि पहले वॉर्ड बॉय ने अटेंडर को अस्पताल के भीतर पीटा और फिर अटेंडर से जुड़े लोगों ने वॉर्ड बॉय से बदला लिया। जिसके बाद अस्पताल के बाहर इंतजार कर रहे अटेंडर और उसके साथियों ने वार्ड बॉय के अस्पताल से निकलते ही उस पर हमला कर दिया।

हालांकि अटेंडर के मरीज का नाम क्या है और किस वार्ड बॉय ने उसके साथ मारपीट की अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन शनिवार शाम पूरी घटना का वीडियो निकलकर सामने आया है।

वीडियो सामने आने के बाद अमहिया पुलिस ने पूरे मामले में स्वत संज्ञान लेने की बात कह रही है। वीडियो में यह साफ देखा जा सकता है कि अस्पताल की बिल्डिंग से निकल रहे एक युवक को गेट नंबर 2 के पास मौजूद आधा दर्जन से भी अधिक लोगों ने बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जिसके बाद हमलावरों के चंगुल से निकले युवक ने गेट से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई।

इससे पहले भी अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा पेशेंट के अटेंडर के साथ कई बार मारपीट की जा चुकी है। लेकिन कार्रवाई न होने के चलते बेखौफ हो चुके हैं। आउटसोर्स कर्मचारियों ने एक बार फिर मरीज के अटेंडर को अपना निशाना बनाया और उसके कुछ देर बाद ही खुद ही मारपीट के शिकार हो गए।

शिवा अग्रवाल, थाना प्रभारी अमहिया ने बताया कि आपके माध्यम से एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कुछ लोग एक शख्स के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। पूरे मामले में अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाली महोत्सव अभियान के तहत डभौरा थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण



**डभौरा स्वतंत्रमत ।** रीवा जिला अंतर्गत डभौरा थाना परिसर में नवागत एसडीपीओ नारायण सिंह कुम्हरे के मार्गदर्शन में एवं डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल के नेतृत्व में ग्राम नगर रक्षा समिति सदस्य गौरक्षक वैभव कुमार केसरवानी एवं थाना पुलिस स्टॉप के मौजूदगी में वृक्षारोपण किया गया।

वृक्षारोपण के दौरान फलदार वृक्षो में आम, नीबू,आमला, अमरूद व मुनगा के पौधों का वृक्षारोपण किया गया साथ ही थाना प्रभारी द्वारा सभी लोगो को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा न करने एवं आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

उस दौरान मुख्यरूप से एएसआई राजेश मिश्र, एएसआई विरेन्द्र वर्मन, संन्तोष सिंह,तुलसी दास, प्रधान आरक्षक मो. हशनैन, ईश्वर चौहान, जितेंद्र सिंह,कृष्णाबेंद सिंह,चित्रांस त्रिपाठी, रामकरण तिवारी के साथ साथ ग्राम नगर रक्षा समिति के जिला प्रमुख रक्षक वैभवकुमार केसरवानी,सदस्य रानी वर्मा, ललन कोल, दिनेश प्रजापति, बसंत लाल कोल मौजूद रहे।

बता दे कि समाजसेवी वैभव कुमार केशरवानी हमेशा सामाजिक कार्यो में आगे रहते चाहे वो किसी की समस्या हो उनकी मदद में आगे रहते है उन्हें लोग गौरक्षक के नाम से जानते है क्योंकि वो गौमाता के संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए दिनरात्रि अथक प्रयास करते रहते है।

# नहर टूटने से किसानों के खेत हो रहे खराब,जिम्मेदार बेखबर

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत भी हो रही बेअसर

### मेनटेना कम्पनी द्वारा बनाई गई थी नहर, जिसका आज तक नहीं हुआ मेंटेनेंस का कार्य



**जवा।** बाणसागर परियोजना की नहरें मेनटेना कम्पनी द्वारा वर्ष 2016/17 में जवा ब्लाक के पटेहरा मुख्य नहर दो माइनर नहरे खटिका,गाढ़ा ,नगवां ,सितलहा तक बनाई गई थी,इन नहरो का मेनटेना कम्पनी द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की कोई मेंटनेंस का कार्य नहीं किया गया, जिसकी वजह से नहर बनने साथ ही फूट गई और किसानों के खेतों में अनावश्यक पानी भरने लगा जिसकी वजह से उक्त आराजी में किसान खेती नहीं कर पा रहे, किसानो द्वारा कर्ज लेकर अपने खेतो में मेडबंदी कराकर खेती की तैयारियां शुरू करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन बिना मेंटनेंस नहरे चालू कर दिया गया जिसकी वजह से जगह-जगह नहरे टूटने और ओवरफ्लो होने के कारण किसानों के खेत खराब हो रहे हैं जिसके कारण किसान समय पर बोनी नहीं कर पाने से परेशान हैं।

**मनमर्जी बंद करा दी जाती है शिकायत**-भूमि स्वामी विकास तिवारी एवं किशोर कुमार तिवारी ने बताया की नहर टूटने की जानकारी विभाग के अधिकारीयों को फोन के माध्यम से दी गई थी लेकिन नहर नहीं सुधारी गई,तो सीएम हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन बिना निराकरण और सूचना के मनमर्जी शिकायत बंद करा दी गई।

प्रभावित किसान विष्णु तिवारी ओंकारनाथ पाण्डेय सुनीत तिवारी किशोर कुमार तिवारी ने जिला कलेक्टर एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि जल्द से जल्द कंडम नहरे सुधरी जाएं और किसानो का जो भी नुकसान अभी तक हुआ है उसका उचित मुआवजा विभाग द्वारा दिलाया जाए, अन्यथा मजबूरन आमरण अनशन पर बैठने के लिए किसान बाध्य होंगे,तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय की शरण में जाकर न्याय की गुहार भी लगाया जाएगा।

# पट्टेदार पर 10 करोड़ का जुर्माना, खनन अनुमति रद्द

### मऊगंज के कद्दुआमन बांध जल डूब क्षेत्र में अवैध खनन- नहीं ली जरूरी मंजूरी

**मऊगंज स्वतंत्रमत ।** मऊगंज जिले में अवैध खनन के मामले में शुक्रवार को ग्राम हर्रहा में अनधिकृत पत्थर उत्खनन के लिए लीजधारक कृष्ण कुमार सिंह पर 10.08 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। सिंह सीधी जिले की चुरहट तहसील के गुड़ा गांव के निवासी हैं। जांच में पाया गया कि लीजधारक ने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर कदुआमन बांध के जल डूब क्षेत्र में खनन किया। उन्होंने खसरा नंबर 7/1 में लगभग 67,200 घनमीटर पत्थर का अवैध उत्खनन किया। एनजीटी ने इस क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किया है, जहां खनन पूर्णतः निषिद्ध है। कई कमियां मिलीं ।राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त जांच में खनन स्थल पर कई कमियां मिलीं। न तो सुरक्षा व्यवस्था थी, न साइनबोर्ड और न ही फेंसिंग। ब्लास्टिंग के लिए आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई थी। प्रशासन ने रॉयल्टी चोरी के लिए 33.60 लाख रुपए, अर्थदंड 5.04 करोड़ रुपए और पर्यावरण क्षतिपूर्ति के 5.04 करोड़ रुपए सहित कुल 10.08 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि 15 दिन में जमा करनी होगी।

### जुर्माना नहीं भरने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि एनजीटी और पर्यावरण दिशा-निर्देशों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई होगी। समय पर जुर्माना राशि जमा न करने पर मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 की धारा 18 (5) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# टैक्स बकायादारों पर निगम की सख्ती

### 3 व्यवसायिक परिसरों की 7 दुकानें सील।

### आयुक्त ने पहले जारी किया था नोटिस



**रीवा स्वतंत्रमत ।** नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर सभी बकाया कर जमा करें, ताकि सख्त कार्रवाई से बचा जा सके। रीवा नगर निगम ने बकाया संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले व्यापारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर निगम की राजस्व टीम ने शुक्रवार को तीन व्यवसायिक परिसरों की 7 दुकानों को सील किया। इससे पहले बकायादारों को नोटिस जारी कर भुगतान के लिए समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई। वार्ड क्रमांक 9 में मकान नंबर 1387 की मालकिन शकुंतला तिवारी पत्नी संगमलाल तिवारी पर 1 लाख 88 हजार 266 रुपए की संपत्ति कर की राशि बकाया थी। निगम ने यहां तीन व्यवसायिक दुकानों को सील कर दिया। वार्ड 13 में चंद्रा मंगल भवन सील, 2.79 लाख का बकाया वार्ड क्रमांक 13 में मकान नंबर 316 भवन स्वामी हरिहर प्रताप सिंह के चंद्रा मंगल भवन पर 2 लाख 79 हजार 590 रुपए बकाया थे। निगम ने इस भवन की दो दुकानों को सील कर तालाबंदी की कार्रवाई की।

**87 हजार बकाया पर दो दुकानें और सील**-मकान क्रमांक 221/1 के मालिक प्रीतम सिंह पिता रामायण प्रताप सिंह के व्यवसायिक भवन पर 87 हजार 209 रुपए की राशि बकाया थी। यहां भी निगम की राजस्व टीम ने दो दुकानों को सील कर दिया।

### तय समय में टैक्स न चुकाया तो होगी कार्रवाई

आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि बकाया राशि पर किसी भी व्यापारी को राहत नहीं दी जाएगी। समय पर भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ तालाबंदी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम ने करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर सभी बकाया कर जमा करें, ताकि सख्त कार्रवाई से बचा जा सके।



# थाना प्रभारी ने शांति से मुहर्रम मनाने की अपील की

**मऊगंज स्वतंत्रमत ।** नईगढ़ी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र के ताजियादार, जनप्रतिनिधि और गणमान्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। चकरहनटोला के ताजियादारों ने ताजिया मार्ग की समस्याएं बताईं। थाना प्रभारी ने इनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। सड़क किनारे झूलते केबल तारों की समस्या का भी संज्ञान लिया गया। बारिश से जलभराव की समस्या को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ताजिया स्थलों पर डस्ट डलवाने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने सभी थाना प्रभारियों को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए। वालंटियरों के साथ समन्वय कर सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की जा रही है। बैठक में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष कमरुद्दीन खान, चकरहनटोला सरपंच राजू सिंह, अबुल कासिम खान, बंदे खान, मकसूद खान, लल्लन खान और मुस्ताक खान सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# मूल्यांकन कराए बिना ही निकाले 230000 रुपये

### खेत तालाब में बरती लापरवाही, ग्राम सहगन कला पंचायत की जनता में आक्रोश

**रीवा स्वतंत्रमत।** जनपद पंचायत हनुमना की ग्राम पंचायत सहगन कला पंचायत की जनता में ग्राम में हुए निर्माण कार्यों में बरती गई अनियमितता को लेकर खासा आक्रोश है। सहगन नंबर-1 में तालाब के पास छोटी नाली नुमा घटिया किस्म की गुणवत्ता विहिन पुलिया बनाकर मूल्यांकन कराए बिना ही 2 लाख 30 हजिार रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिए। उक्ताशय का आरोप पूर्व विधायक नीलम मिश्रा ने लगाते हुए बताया कि सचिव इंद्रजीतराम मिश्रा का स्थानान्तरण होने से पहले सरकारी पैसों का घर पर दुरुपयोग किया, वहीं सरपंच भाईलाल कोल के पढ़े-लिखे न होने का फायदा उठाते हुए जीआरएस के साथ बंदरबांट की गई ।सरपंच भाईलाल कोल, सचिव इंद्रजीतराम मिश्रा व रोजगार सहायक सत्येन्द्र सिंह की तिकड़ी ने ने ग्राम पंचायत की राशि को पलीता लगाया है। जिससे ग्रामवासियों में खासा आक्रोश है।

जल गंगा संवर्धन अभियान में सहगन कला के पदाधिकारियों ने खेत तालाब निर्माण में लापरवाही बरतते हुए भ्रष्टाचार कर शासन की योजनाओंको ठेंगा दिखाया है। मनरेगा में फर्जी मस्टर भर कर राशि निकाल रहे हैं। नीलम मिश्रा ने इसकी जांच के लिए जनपद सीईओ, जिला पंचायत सीईओ, कलेक्टर मऊगंज से आग्रह किया गया कि औचक निरीक्षण करने पर वास्तविकता से वाकिफ होंगे वहीं बात करें तालाब के समीप पुलिया निर्माण की तो उसका भी घटिया निर्माण किया जाकर 2 लाख 30 हजार रुपए आहरित कर लिए, जो पुलिया बना है इस प्रकार का पुलिया मात्र 50 हजार रुपए में निर्मित हो सकता है। आवास योजना में भी मोतिनिया कोल, भाईलाल कोल की सारी किश्त डाल दी गई।

# संयुक्त किसान मोर्चे ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का किया समर्थन



**रीवा स्वतंत्रमत।** देश के मजदूरों के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बनाई गई 4 काली श्रम संहिताओं को रद्द कराने समान काम समान वेतन लागू करने काम के 8 घंटे यथावत करने सहित किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने आदि मुद्दों को लेकर देश भर में ट्रेड यूनियंस ने आगामी 9 जुलाई को राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन का ऐलान किया है।

मोर्चे के नेता शिव सिंह ने बताया कि ट्रेड यूनियंस राष्ट्रव्यापी हड़ताल का संयुक्त किसान मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी समर्थन किया है जिसको लेकर संयुक्त किसान मोर्चा संभाग इकाई रीवा की एक आवश्यक तैयारी बैठक किसान सभा के नेता भैयालाल त्रिपाठी की अध्यक्षता में ऋतुराज पार्क रीवा में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा, किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह शंखू,किसान सभा के जिला महासचिव रामजीत सिंह, किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष फौजी यदुवंश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण सिंह, जागृति किसान संगठन के अध्यक्ष अशोक चतुर्वेदी, बसोर समाज विकास संगठन के अध्यक्ष प्रदीप बंसल,किसान सभा के कोषाध्यक्ष संजय निगम, किसान संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव संतकुमार पटेल,संभागीय संयोजक पुष्पेंद्र सिंह एड.,जिला सचिव अनिल मिश्रा आदि मोर्चे के प्रमुख किसान नेता उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जुलाई को रीवा संभाग में आयोजित ट्रेड यूनियंस की आम हड़ताल का व्यापक समर्थन किया जाएगा मोर्चे ने सभी संगठनों के साथियों से हड़ताल के समर्थन में शामिल होने अपील की है।

